-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 11.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाए जा रहे अभियान "ऑपरेशन दहन" के तहत कुल 76.3 किलोग्राम मादक पदार्थों (सूखा गांजा,स्मैक/नशीला पाउडर आदि) को इंसीनरेटर मशीन (भस्मक भट्ठी) का प्रयोग कर नियमानुसार किया गया नष्ट।**

विवरण – श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश श्री राजीव कृष्ण द्वारा एनडीपीएस एक्ट तहत अभियोगों में बरामद मादक पदार्थों के विनष्टीकरण/निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान**"ऑपरेशन दहन"** के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 11.06.2026 को क्षेत्राधिकारी सदर श्री सौरभ सिंह की उपस्थिति में जनपद के विभिन्न थानों में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के कुल 48 अभियोगों से सम्बन्धित कुल 76.297 किलोग्राम बरामद मादक पदार्थों जिसमें सूखा गांजा- 75.799 किलोग्राम, स्मैक/नशीला पाउडर/गोली- 498 ग्राम को इंसीनरेटर मशीन (भस्मक भट्ठी) में जलाकर नियमानुसार नष्ट कराया गया। जिनमें थाना कोतवाली नगर के 27, चिल्ला के 11, गिरवां के 04 जसपुरा व नरैनी के 03-03 एनडीपीएस एक्ट के अभियोग का माल जलाकर नष्ट कराया गया।